महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय
MAHARAJA GANGA SINGH UNIVERSITY
राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 15, जैसलमेर रोड, बीकानेर-334004 (राजस्थान) भारत
NH 15, Jaisalmer Road, Bikaner-334004 (Rajasthan) INDIA
दूरभाष/Phone: 0151-2210076 फैक्स/Fax: 2212042 ई-मेल/E-mail: academicmgsu@gmail.com

प.07()मगंसिविबी/विद्या परिषद्-विशेष/2023/26686-739 दिनांक: 10/1/23

समस्त, माननीय सदस्य
विद्या परिषद्,
महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय,
बीकानेर।

**विषय :- विद्या परिषद् की विशेष बैठक दिनांक 10-01-2023 के कार्यवाही विवरण के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि विश्वविद्यालय विद्या परिषद् की विशेष बैठक दिनांक 10-01-2023 का कार्यवाही विवरण इस पत्र के साथ संलग्न कर भिजवाया जा रहा है।

संलग्नः उपरोक्तानुसार

भवदीय,
10/1/2023
(अरूण प्रकाश शर्मा)
कुलसचिव

Scanned with CamScanner

# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

दूरभाष:0151 .2970177 ई :मेल-registrar@mgsubikaner.ac.in

# विद्या परिषद् की विशेष बैठक

## कार्यवाही विवरण

विद्या परिषद की विशेष बैठक दिनांक 10-01-2023 को प्रातः 11:30 बजे महर्षि शौनक भवन (कुलपति सचिवालय) के विद्या परिषद् सभागार में आयोजित हुई जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **प्रो. विनोद कुमार सिंह, माननीय कुलपति** | अध्यक्ष |
| 2 | डॉ. जी.पी. सिंह, संकायाध्यक्ष विज्ञान | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 3 | डॉ. भगवानाराम विश्नोई, संकायाध्यक्ष विधि | सदस्य |
| 4 | डॉ. मीनू पूनियां, संकायाध्यक्ष वाणिज्य | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 5 | डॉ. मिनाक्षी मिश्रा, संकायाध्यक्ष शिक्षा | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 6 | प्रो. राजाराम चोयल, माननीय कुलपति महोदय द्वारा नामित | सदस्य |
| 7 | डॉ. श्रवण सैनी, राज्य सरकार द्वारा मनोनीत | सदस्य |
| 8 | डॉ. शेर मोहम्मद, संयोजक-वनस्पतिशास्त्र | सदस्य |
| 9 | डॉ. विजय श्री, संयोजक - रसायनशास्त्र | सदस्य |
| 10 | प्रो. अनिल कुमार छंगाणी, संयोजक-पर्यावरण विज्ञाप | सदस्य |
| 11 | डॉ. रचना माथुर, संयोजक-गणित | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 12 | डॉ. गौतम कुमार मेघवंशी, संयोजक-सूक्ष्म जीव विज्ञान | सदस्य |
| 13 | डॉ. ज्योति लखाणी, संयोजक-कम्प्यूटर विज्ञान | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 14 | डॉ. एम.डी. शर्मा, संयोजक-भौतिक विज्ञान | सदस्य |
| 15 | श्री संतलाल, संयोजक-प्राणीशास्त्र | सदस्य |
| 16 | डॉ. दिव्या जोशी, संयोजक-अंग्रेजी | सदस्य |
| 17 | डॉ. सुमित्रा चारण, संयोजक-दर्शनशास्त्र | सदस्य |
| 18 | डॉ. नरेन्द्र नाथ, संयोजक-राजनीति विज्ञान | सदस्य |
| 19 | डॉ. राजेश भाकर, संयोजक-भूगोल | सदस्य |
| 20 | डॉ. नन्दिता सिंघवी, संयोजक-संस्कृत | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 21 | डॉ. ज्योति कपूर, संयोजक-अर्थशास्त्र | सदस्य |
| 22 | डॉ. अभिलाषा आल्हा, संयोजक-गृह विज्ञान | सदस्य |
| 23 | डॉ. इन्द्रसिंह राजपुरोहित - संयोजक-चित्रकला | सदस्य |
| 24 | डॉ. साधना भण्डारी, संयोजक-लोक प्रशासन | सदस्य |
| 25 | डॉ. पंकज जैन, संयोजक- व्यवसायिक प्रशासन | सदस्य |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 26 | डॉ. आशा शर्मा, संयोजक- ई.ए.एफ.एम. | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 27 | डॉ. सतपाल स्वामी, संयोजक-शिक्षा | सदस्य |
| 28 | डॉ. यशवंत गहलोत, संयोजक-शारीरिक शिक्षा | सदस्य |
| 29 | श्रीमती आस्मा मसूद, संयोजक-उर्दू | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 29 | डॉ. ऋषभ जैन, संयोजक-संगीता | सदस्य |
| 30 | डॉ. राकेश हर्ष, संयोजक-जैव तकनीकी | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 31 | डॉ. कुलदीप सिंह, संयोजक-पंजाबी | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 32 | श्रीमती धनवन्तरी बिश्नोई-संयोजक-जी.पी.ई.एम. | सदस्य |
| 33 | श्री उमेश शर्मा, संयोजक पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान | सदस्य |
| 34 | डॉ. धर्मेश हरवानी, माननीय कुलपति द्वारा नामित शिक्षक | सदस्य |
| 35 | श्री अरूण प्रकाश शर्मा, कुलसचिव | सदस्य सचिव |

बैठक के प्रारम्भ में सदस्य सचिव द्वारा विद्या परिषद् बैठक में उपस्थित एवं ऑनलाइन माध्यम से जुड़े हुए समस्त माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सदस्य सचिव द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई एवं सदन के समक्ष बिन्दुवार मद प्रस्तुत किये गए, जिन पर सदस्यों द्वारा विचार-विमर्श उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गए :-

| मद संख्या 01 | मद |
|---|---|
| A | विश्वविद्यालय में नवीन स्वीकृत विभाग मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA) के पदों की शैक्षणिक योग्यता एवं पात्रता अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) के विनियम, 2019 मे निर्धारित मापदंडो के अनुसार निर्धारित की जानी है। इसी क्रम में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा जारी राजपत्र दिनांक 01–03–2019 को राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार इस विश्वविद्यालय में अंगीकृत किया जाने हेतु प्रस्ताव विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है। |
| निर्णय | **अंगीकृत किया गया।** |
| 02 | विश्वविद्यालय में नवीन स्वीकृत विभाग मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA) के पदों की शैक्षणिक योग्यता आदि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) में निर्धारित मापदंडो के अनुसार तथा मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA) के पदों यथा– सह आचार्य एवं आचार्य पद पर योग्यता हेतु एपीआई स्कोर की गणना यूजीसी विनियम, 2018 के अनुसार निर्धारित किये हेतु प्रस्ताव विद्या परिषद के समक्ष विचारार्थ/निर्णयार्थ प्रस्तुत है। |
| निर्णय | **अनुमोदन किया गया।** |
| 03 | परीक्षा वर्ष 2020 में प्रथम बार प्रदान की जाने वाली उपाधि B.A. B.Ed., B.Sc. B.Ed., B.A. Honors History and M.Sc (Yoga Studies & Therapy Management) का प्रारूप विद्या परिषद् के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। |



Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| निर्णय | उपाधियों के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। |
| 04 | परीक्षा 2020 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के अंतिम वर्षों की कक्षा में उत्तीर्ण 111990 अभ्यर्थियों को उपाधि प्रदान की जानी है। साथ ही 01 जनवरी, 2020 से 31 दिसम्बर, 2020 की अवधि में शोध कार्य सम्पन्न कर चुके 28 अभ्यर्थियों को विद्या वाचस्पति उपाधि प्रदान की जानी है। उपाधि के ग्रेस पास करने एवं परीक्षा 2020 में शिक्षा संकाय की छात्रा स्वीटी सुथार को कुलाधिपति पदक, कला संकाय की छात्रा सोहा शर्मा को कुलपति पदक एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 57 अभ्यर्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान करने का प्रस्ताव विद्या परिषद् के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है। |
| निर्णय | अनुमोदन किया गया। |
| 05 | विश्वविद्यालय में स्वीकृत तीन नवीन विभागों यथा लेखा और व्यवसाय, आर्थिक प्रशासन और वित्तीय प्रबंधन एवं मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में राज्य सरकार से स्वीकृत रिक्त पदों पर चयन/भर्त्ती की कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त विषयों की चयन समिति में विषय विशेषज्ञों को सम्मिलित करने हेतु विषय विशेषज्ञों का पैनल अध्ययन बोर्ड एवं संकायाध्यक्ष के माध्यम से तैयार करवाया गया है जो विद्या परिषद् के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत है। |
| निर्णय | विषय विशेषज्ञों के पैनल को अनुशंसित किया गया। |
| 06 | विद्या परिषद् की 19वीं बैठक दिनांक 29-06-2020 के विनिर्णय संख्या 08 की पालना में विश्वविद्यालय में स्वीकृत वाणिज्य एवं प्रबन्धन विभाग में सत्र 2020-21 से व्यवसायिक प्रशासन एवं प्रबन्धन पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया था। हाल ही राज्य सरकार द्वारा वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत लेखा और व्यवसाय, आर्थिक प्रशासन और वित्तीय प्रबंधन एवं मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग स्वीकृत किये गए है। पूर्व में लिये गए निर्णय के क्रम में अध्ययन मण्डल व्यवसायिक प्रशासन एवं अधिष्ठाता समिति की प्रस्तुत अनुशंसानुसार व्यवसायिक एवं प्रबन्धन विभाग का नाम आगामी सत्र से व्यवसायिक प्रशासन परिवर्तन करने संबंधी प्रस्ताव विद्या परिषद् के समक्ष निर्णयार्थ प्रस्तुत है। साथ ही विश्वविद्यालय में स्वीकृत वाणिज्य एवं प्रबन्धन विभाग में नवीन भर्त्ती हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा व्यवसायिक प्रशासन हेतु निर्धारित योग्यतानुसार योग्यता निर्धारित करने के संबंध में प्रस्ताव अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। |
| निर्णय | अधिष्ठाता समिति के कार्यवाही विवरण एवं प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। |
| 07 | राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय में वाणिज्य एवं प्रबन्धन, लेखा और व्यवसाय (ए.बी.एस.टी.), आर्थिक प्रशासन और वित्तीय प्रबंधन (ई.ए.एफ.एम.) तथा मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) विभाग स्वीकृत किये गए है। वर्तमान में सम्बद्ध महाविद्यालयों में वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत व्यवसायिक प्रबन्धन (बी.एम.), लेखा और व्यवसाय (ए.बी.एस.टी.), आर्थिक प्रशासन और वित्तीय प्रबंधन (ई.ए.एफ. |



Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| | एम.) संचालित है और तीनों विषयों के अध्ययन बोर्ड को वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत सम्मिलित किया गया है। अतः विश्वविद्यालय में नवीन स्वीकृत तथा मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) पाठ्यक्रम की संकाय/अध्ययन बोर्ड निर्धारण हेतु प्रस्ताव विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है। |
| निर्णय | **विश्वविद्यालय में प्रबन्धन संकाय के गठन का निर्णय लिया गया।** |
| **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से** | |
| (1) | विश्वविद्यालय में शैक्षणिक पदों पर भर्त्ती/चयन प्रक्रिया एवं विज्ञापन जारी करने की कार्यवाही में नियमानुसार शैक्षणिक मानदण्डों के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए विद्या परिषद् द्वारा माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया। साथ ही विद्या परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय में स्वीकृत शैक्षणिक पदों पर शीघ्र भर्त्ती हेतु कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। |

अंत में बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

10/1/2023

(अरूण प्रकाश शर्मा)
सदस्य सचिव



Scanned with CamScanner